Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- नोहर में आरोपी प्रदीप कुमार राजस्व पटवारी पटवार मण्डल जबरासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़ को 12,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 08 अप्रेल 2026, बुधवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी हनुमानगढ़ ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी **प्रदीप कुमार राजस्व पटवारी पटवार मण्डल जबरासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़** को 12,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी हनुमानगढ़ को एक शिकायत इस आशय की मिली कि प्रदीप कुमार राजस्व पटवारी पटवार मण्डल जबरासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़ द्वारा परिवादी के पिता व चाचा के नाम वसीयत से इंतकाल दर्ज करने की एवज में परिवादी से 15,000/– रूपये रिश्वत की मांग कर रहा था।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भूवण भूषण यादव** के सुपरविजन में ए.सी.बी. हनुमानगढ़ की **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुधा पालावत** ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रदीप कुमार राजस्व पटवारी पटवार मण्डल जबरासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़ को 12,000/– रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** एवं **महानिरीक्षक श्रीमती एस. परिमला** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।